# लापता बालक का शव पानी की टंकी में मिला

## अमरवाड़ा थाना क्षेत्र का मामला, मामले की जांच कर रही पुलिस

**छिंदवाड़ा, 10 फरवरी. अमरवाड़ा थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह से लापता 10 वर्षीय बालक शेख कासिम का शव मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है. कासिम का शव पुरानी मंडी के पीछे एक निर्माणाधीन पानी की टंकी में पाया गया.**

सूचना मिलते ही अमरवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अमरवाड़ा अस्पताल भिजवाया. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, शेख कासिम पिता शेख कलीम उम्र 10 वर्ष वार्ड नंबर 15 का निवासी था. वह बेसिक स्कूल अमरवाड़ा में कक्षा 5वीं का छात्र था. सोमवार 9 फरवरी की सुबह करीब 7 बजे वह अपनी 13 वर्षीय बहन के साथ साइकिल से मदरसा जाने के लिए घर से निकला था. रास्ते में कासिम स्टेडियम ग्राउंड में उतर गया. उसने बहन से कहा कि वह मदरसा से लौटते समय उसे साथ ले जाए. इसके बाद बहन मदरसा चली गई. करीब 9.30 बजे जब बहन स्टेडियम ग्राउंड पहुंची तो कासिम वहां नहीं मिला. बहन ने घर जाकर पूरी बात परिवारजनों को बताई. इसके बाद बच्चे के परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका. मामले की सूचना पुलिस को दी गई थी.

**निर्माणाधीन मकान में मिला शवः** मंगलवार 10 फरवरी को सुबह पुरानी मंडी के पीछे निर्माणाधीन एक मकान के टंकी में कासिम का शव मिलने की सूचना मिली. मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया. प्रारंभिक तौर पर यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि बालक टंकी में कैसे पहुंचा. पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और हर पहलू से जांच की जा रही है. पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा. फिलहाल नगर में इस घटना से शोक का माहौल है.

### परोंच डैम में खूनी संघर्ष, मछली ठेके को लेकर दो गुट भिड़े, कई घायल

**शिवपुरी.** परोंच डैम पर मछली ठेकेदारों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया. विवाद इस हद तक बढ़ गया कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की मारपीट कर दी. जानकारी के अनुसार राहुल पुत्र कोमल प्रसाद केवट उम्र 25 साल निवासी संकट मोचन कॉलोनी पिछोर परोंच डैम पर



मछली ठेकेदार कप्तान बाथम का काम देखता है. वह सुबह 10 बजे अपने साथी विशंभर ठाकुर, दीपक केवट, प्रिंस योगी, देवेन्द्र लोधी, भरत सेन, आकाश केवट के साथ डैम पर गया था. इसी दौरान दूसरे पक्ष के लक्ष्मण केवट, मंगल केवट, नवल केवट निवासीगण ढला इमलिया एवं शिवपूजन बिहारी निवासीगण नयाखेडा ने मछली ठेके के विवाद को लेकर उक्त लोगों पर हमला कर दिया. इस दौरान राहुल केवट पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया, जबकि अन्य लोगों लाठी, बंदूक की बट आदि से पीटा गया. हमले के बाद मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई.

# जिले में 90 गांवों के मरीज हो रहे परेशान

## रतनगढ़ पीएचसी की 108 एंबुलेंस 15 दिन से खराब

**नीमच, 10 फरवरी. जिले के रतनगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की 108 एम्बुलेंस पिछले 15 दिनों से खराब है. वाहन की जर्जर हालत के कारण इसे मरम्मत के लिए मैकेनिक के पास भेजा है. एम्बुलेंस सेवा ठप होने से क्षेत्र के करीब 90 गांवों के मरीजों को समय पर इलाज मिलने में कठिनाई हो रही है.**

लोगों ने बताया कि स्थानीय एम्बुलेंस बंद होने के कारण इमरजेंसी में मरीजों को सिंगोली से वाहन बुलाना पड़ रहा है. सिंगोली से एम्बुलेंस आने में डेढ़ से दो घंटे का समय लग रहा है. समय पर वाहन न मिलने से गरीब और आदिवासी वर्ग के मरीजों को महंगे निजी साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है.




**नई एम्बुलेंस की मांग लंबितः** प्रभारी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मोहन मुजाल्दे ने जिला कलेक्टर और सीएमएचओ को नई एम्बुलेंस के लिए आवेदन दिया है, लेकिन अब तक नई गाड़ी उपलब्ध नहीं कराई गई है. स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुरानी एम्बुलेंस बार-बार खराब होकर वर्कशॉप पहुंच जाती है, जिससे सेवाएं लगातार बाधित रहती हैं. मेडिकल ऑफिसर अंशु देव ने बताया कि वाहन पुराना होने के कारण तकनीकी खराबी आई है. आज शाम तक एम्बुलेंस ठीक होकर वापस आ जाएगी. आपात स्थिति में जननी वाहन का उपयोग किया जा रहा है.

# शराब के जखीरे के साथ तस्कर पकड़ाए

**जबलपुर, 10 फरवरी. माढ़ोताल व पाटन पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध शराब के कारोबार में दो तस्करों को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से 416 पाव देशी एवं 6 बॉटल अंग्रेजी शराब व जुपिटर जप्त की गई.**

माढोताल थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि उमरिया रोड पर घेराबंदी कर संजय सैनी 22 वर्ष निवासी हनुमानताल को पकड़ा गया.बोरी एवं थैले की तलाशी लेने पर 320 पाव देशी शराब मिला. संजय सैनी आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है जिसके विरूद्ध आबकारी एक्ट, जुआ, सट्टा सहित पूर्व से 7 अपराध दर्ज हैं. इसी प्रकार पाटन



पुलिस ने नुनसर तिराहा के पहले दबिश दी. जुपिटर क्रमांक एमपी 20 जेड बाई 1580 को रोककर चालक दीपू पंडित पिता कन्हैया पाण्डे 28 वर्ष निवासी बधैया मोहल्ला थाना हनुमानताल को पकड़ा. जुपिटर के पैरदान पर एक थैला रखा मिला जिसकी तलाशी लेने पर 2 कार्टून में कुल 96 पाव देशी शराब एवं जुपिटर की डिक्की में 1 पेटी में ओल्डमंक थ्री एक्स की 06 बॉटल रखी मिली, आरोपी दीपू पाण्डे से उक्त शराब परिवहन के संबंध में पूछताछ करने पर मोनू वंशकार के द्वारा उक्त शराब देने पर मोनू वंशकार की जूपिटर से शराब बेचने पाटन जाना बताया.

### ट्रक की टक्कर से पिता-पुत्री घायल

**पांढुरना.** नगर के मुख्य मार्ग पर आरडी स्कूल कॉम्पलेक्स के सामने एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी,जिससे पिता पुत्री घायल हो गए, उन्हों सिविल चिकित्सालय पहुंचा जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवती को नागपुर रेफर कियाहै. युवती की हालत चिंताजनक है. नगर के मध्य से होकर गुजरने वाले प्रमुख नागपुर भोपाल मार्ग पर आरडी स्कूल कॉम्प्लेक्स के सामने मंगलवार के दोपहर 12 बजे तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक युपी 22 बीटी 0515 द्वारा एक स्कूटी को टक्कर मारने से इस पर सवार पिता पुत्री घायल हो गए. इन दोनों को शासकीय चिकित्सालय लाया गया.

# आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए 5 डॉग शेल्टर होम खुलेंगे

**ग्वालियर में नगर निगम कर रहा तैयार**

**ग्वालियर, 10 फरवरी. नगर निगम द्वारा शहरवासियों को आवारा कुत्तों के आंतक से बचाने के लिए पांच डॉग शेल्टर होम खोले जायेंगे. साथ ही आवारा कुत्तों की बढोतरी को रोकने के लिए एक नया एबीसी सेंटर भी खोला गया है और कुत्तों को पकड़ने के लिए एक नई गाडी भी चलाई जा रही है.**

यह बात कलेक्टर रूचिका चौहान की अध्यक्षता में आयोजित जिला शांति समिति की बैठक में नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने आवारा कुत्तों की रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों के बारे में बताया. इसके साथ ही डॉग बाइट्स से बचाव के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई है. इसके साथ ही आवारा कुत्तों की सूचना देने के लिए 7869866452 नंबर जारी किया है. बैठक में नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने बताया कि लक्ष्मीगंज के पीछे कुत्तों का शेल्टर होम प्रारंभ हो गया है. इसके साथ ही नया एबीसी सेंटर भी खोला जा रहा है जिससे कुत्तों की नसबंदी का कार्य और तेज गति से किया जा सके.



नगर निगम आयुक्त ने सर्वोच्च न्यायालय की गाइड लाइन की जानकारी देते हुए शहरवासियों से अपील की है कि वह पूर्व से नसबंदी किए गए कुत्तों जिनके कान कटे हों, पालतु कुत्तों 6 माह से छोटे श्वानों वाली मादा को पकडने से संबंधित शिकायतें पोर्टल पर दर्ज नहीं कराएं. नगर निगम द्वारा जारी की गई एडवाइजरी में कुत्तों के काटने से बचने के लिए कुछ जानकारियां दी गईहैं. जिसमें बताया गया है कि आवारा कुत्तों को न छेड़ें, कुत्तों को पत्थर मारना चिढाना या उन्हें भगाना खतरनाक हो सकता है.

### एक नजर में

### एनसीएल निगाही परियोजना में मजदूरी घोटाला

**सिंगरौली 10 फरवरी.** एनसीएल निगाही परियोजना के अंतर्गत कार्यरत निजी कंपनी क्लाउट टेक प्राइवेट लिमिटेड हरियाणा पर मजदूरों के शोषण का सनसनीखेज मामला सामने आया है. ग्राम जैतपुर चौकी जयन्त निवासी गरीब मजदूर विनोद कुमार साकेत ने कलेक्टर को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि कंपनी द्वारा उसे पिछले 15-16 माह से पूरी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया और आवाज उठाने पर अकारण ट्रांसफर कर काम से बाहर कर दिया. पीड़ित के अनुसार उसकी निर्धारित मासिक मजदूरी 19,130 रुपये है, लेकिन ठेकेदार द्वारा उसे केवल 10,560 रुपये प्रतिमाह दिए गए. शेष राशि हड़प ली गई. जब मजदूर ने अपनी पूरी मजदूरी की मांग की तो ठेकेदार व कंपनी के जिम्मेदारों ने गाली-गलौज की और विवाद का वीडियो भी बनाए, जो अब सबूत के रूप में मौजूद है. मजदूरी मांगना ही मजदूर के लिए अपराध बन गया और बदले में उसे जबरन अन्य स्थान पर ट्रांसफर का पत्र थमा दिया गया. विनोद साकेत ने बताया कि उसने कई बार जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई, जिसकी रसीदें 14 अक्टूबर 2025, 4 नवम्बर 2025, 16 दिसम्बर 2025, 13 जनवरी 2026 और 27 जनवरी 2026 की मौजूद हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. इतना ही नहीं, उसने शहडोल स्थित सहायक श्रमायुक्त केन्द्रीय कार्यालय में भी आवेदन दिया, फिर भी कंपनी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा. पीड़ित मजदूर का आरोप है कि कंपनी ने उसे काम से निकालकर उसके परिवार को भुखमरी के कगार पर ला दिया है. रोजगार छिनने से उसके सामने जीवन-यापन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है.

### नशे में धुत युवक ने आस्था से किया खिलवाड़

**जबलपुर, 10 फरवरी.** गढ़ा थाना अंतर्गत सिंगरहा बस्ती के पास मैदान में चबूतरे पर बने शिवलिंग के पास शराब के नशे में धुत युवक ने आस्था से खिलवाड़ किया. जिसको लेकर आक्रोश भड़क गया. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर नशेड़ी को गिरफ्तार कर लिया है. टीआई प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि सिंगरहा बस्ती के पास मैदान में चबूतरे पर शिवलिंग है. बीती रात रिज्जू उर्फ रिजवान उर्फ भूरा पिता सलीम खान 30 वर्षीय निवासी काजी मोहल्ला गढ़ा, शराब के नशे में पहुंचा और लेट गया. शराब के नशे में उसने पेशाब कर दिया. जिससे आक्रोश फैल गया. हिंदू संगठन भी पहुंच गए और कार्रवाई की मांग की. नारेबाजी कर हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत करने वाले की गिरफ्तारी की मांग करते हुए सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग करने लगे. सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

### बेकरी से क्रीम और होटल से आटे के नमूने लिए

**ग्वालियर, 10 फरवरी.** शहरवासियों को शुद्ध भोजन प्राप्त हो, इसके लिए होटल एवं खाद्य पदार्थ निर्माताओ के यहां सैंपलिंग कर जांच की जा रही है. इसी क्रम में आज जिला खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम कृष्णा कालोनी सिकन्दर कम्पू स्थित फर्म राठौर बेकरी पर पहूँची. जहॉ मौके पर बेकरी का निरीक्षण कर वहां से क्रीमरोल निर्माण के उपयोग में लाए जा रहे मैदा, क्रीम एवं क्रीमरोल नमूने लिए. इसके बाद टीम ने डी डी नगर स्थित श्री गंगा पैलेस होटल से किचिन का निरीक्षण कर दही और आटे के नमूने लिए. सभी को जांच के लिए लैब में भेजा गया हैं. निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी बृजेश कुमार शिरोमणि, खाद्य सुरक्षा अधिकारी लोकेन्द्र सिंह मौजूद रहे.



### भिंड नगर पालिका की बैठक में हंगामा

**भिंड.** भिंड नगर पालिका परिषद में आयोजित सामान्य सभा की बैठक उस समय हंगामे में बदल गई, जब विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह और नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा बाल्मीकि के कथित प्रतिनिधि के बीच जमकर बहस हो गई. बैठक में शहर के विकास कार्यों को लेकर चर्चा चल रही थी. इसी दौरान विधायक ने अध्यक्ष के वार्ड में विकास कार्य रुके होने का मुद्दा उठाया.

# भाजपा की जिला कार्यकारिणी घोषित

**सत्येंद्र, विनय, केशव, कनवर बने उपाध्यक्ष**

**जवाहर को प्रांत सह मीडिया प्रभारी से जिले में महामंत्री बनाया**

**07 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री, 8 मंत्री बनाए**

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 10 फरवरी. प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर महानगर जिले के नए पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई है.**

इस सूची में कुल 34 नेताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपी गई है. ग्वालियर भाजपा की नई कार्यकारिणी में अनुभव और युवा जोश का संगम है.

भाजपा जिला पदाधिकारियों में सत्येंद्र शर्मा एवं विनय जैन सहित केशव मांझी, राघवेन्द्र शर्मा, कनवर किशोर मंगलानी, विकास साहू, लता सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है, वहीं जवाहर प्रजापति , धर्मेन्द्र तोमर बिटटू, राजू पलैया को महामंत्री बनाया गया है. जिला मंत्रियों की सूची में अजय द्विवेदी, कुलदीप चतुर्वेदी, चंदन पटेल, आलोक श्रीवास्तव, अमित बंसल, प्रीति थोराट, रेशू राजावत, प्रिया तोमर को शामिल किया गया है.

कोषाध्यक्ष अमित जैन, सह कोषाध्यक्ष उमेश जोशी, नंदिनी गणफुले, कार्यालय मंत्री राघवेन्द्र सिंह कुशवाह, सह कार्यालय मंत्री बिरजू शिवहरे, रवि पांडे, मीडिया प्रभारी निशिकांत मोघे, सह मीडिया प्रभारी नूतन श्रीवास्तव, वंदना भूपेन्द्र प्रेमी, सोशल मीडिया संयोजक संतोष राजौरिया, आईटी संयोजक गौरव वाजपेयी को बनाया गया है. भाजपा संगठन सूत्रों के अनुसार महानगर स्तर पर संगठन को मजबूत करने, आगामी चुनावी तैयारियों और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह नियुक्तियां की गई हैं. नए पदाधिकारियों में संगठनात्मक अनुभव, सक्रिय कार्यकर्ताओं और युवा नेतृत्व को प्राथमिकता दी गई है. पार्टी सूत्रों का कहना है कि इन नियुक्तियों से ग्वालियर महानगर में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और बूथ स्तर तक पार्टी की पकड़ और मजबूत होगी.

### पिकअप के रौंदने से एक की मौत

**जबलपुर, 10 फरवरी.** पनागर थाना अंतर्गत कुशनेर में पिकअप ने मोटर सायकल सवारों को रौंद दिया. हादसे में एक की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया. पुलिस ने बताया कि संजय सिंह राजपूत 48 वर्ष निवासी ग्राम खमरिया थाना गोसलपुर ने सूचना वह खेती किसानी करता है. टिकरिया के कुंवरलाल पटैल और प्रमोद कुमार पटेल अपने घर से मोटर सायकल से ग्राम भीटा जा रहे थे, मोटर सायकल प्रमोद चला रहा था. कुशनेर पेट्रोल पम्प के पास पनागर में सामने तरफ से आ रही स्वराज माजदा क्रमांक एमपी 20 जीए 6925 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये टक्कर मार दिया जिससे दोनों को चोटें आईं थीं.

# आठ ऑनलाइन दुकानों में चोरों का धावा

**सिंगरौली 10 फरवरी. कोतवाली बैढ़न थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि उन्होंने पुलिस को खुली चुनौती दे दी है.**

परिवहन विभाग पचौर के समीप दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने एक साथ आधा दर्जन से अधिक ऑनलाइन दुकानों को निशाना बनाकर लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया. वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और जहां दुकानदारों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है. ऑनलाइन दुकान संचालक राम प्रकाश बैस ने बताया कि चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर बैटरी व इन्वर्टर चोरी कर लिया. वहीं गंगेश्वर पाठक, प्रीतेश पाठक, गोविंद सिंह एवं अमित शर्मा की




दुकानों का टीन शेड तोड़कर लैपटॉप, प्रिंटर, लेमिनेशन मशीन, सीपीयू सहित कीमती उपकरण चोरी कर लिए गए. प्रारंभिक अनुमान के अनुसार चोरों ने एक लाख रुपये से अधिक का माल पार किया है. इसी दौरान उमेश पांडेय और संजय सिंह की दुकानों के ताले भी तोड़े गए, हालांकि वहां से कोई सामान चोरी नहीं हुआ. एक ही रात में इतने बड़े पैमाने पर चोरी की वारदात ने कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि रात्रि गश्त नियमित होती तो चोर इतनी आसानी से वारदात को अंजाम नहीं दे पाते. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की, लेकिन अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है.

# परांजपे ने मंत्रि-परिषद के निर्णयों पर जताया सीएम का आभार

**भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष है परांजपे**

**भोपाल, 10 फरवरी. भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने मध्यप्रदेश मंत्रि-परिषद द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया है.**

उन्होंने कहा कि मंत्रि-परिषद द्वारा न्यू पेंशन योजना में बेटियों के पेंशन का हकदार बनाना प्रशासनिक नहीं अपितु संवेदनाओं से भरा फैसला है. ऐसे समय में जब पिता का साया बेटियों के सर से उठ जाता है और घर में मां की ममता भी नहीं हो, ऐसे में नियम कानूनों की अड़चन बेटियों को पेंशन लेने से भी रोक देती थी. लेकिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने मानवीय पहल से बेटियों को परिवार पेंशन का हकदार बना दिया है. मंत्रिपरिषद में लिये गये निर्णय अनुसार परिवार पेंशन में अविवाहित, विधवा व तलाकशुदा पुत्री भी हकदार होगी. यह सिर्फ



पेंशन नहीं बेटियों के सम्मान और सुरक्षा की गारंटी है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मंत्रि-परिषद की बैठक में लिया गया यह निर्णय नारी सम्मान, सामाजिक न्याय और संवेदनशील सुशसन का सशक्त उदाहरण है. उन्होंने कहा कि मंत्रि परिषद में गरीब, युवा, महिला, किसान और हर वर्ग हितों को लेकर कई फैसले लिए गए हैं. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार हर व्यक्ति के जीवन में प्रकाश लाने के लिए प्रतिबद्ध है.

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने कहा कि उच्च न्यायालय और जिला न्यायालय के आईटी संवर्ग में कार्यरत कर्मचारियों की आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट की स्वीकृति युवाओं के हित में लिया गया बड़ा निर्णय है.

### अब एक भी घर बिना रोशनी के नहीं रहेगा

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत अविद्युतीकृत घरों में बिजली पहुंचाने के लिए 366 करोड़ 72 लाख की स्वीकृति मंत्रि-परिषद ने दी है. इस राशि से प्रदेश के 63 हजार 77 अविद्युतीकृत घरों एवं 650 अविद्युतीकृत शासकीय संस्थानों के विद्युतीकरण किया जाएगा. अब किसी गरीब आदिवासी भाई-बहन का घर बिना रोशनी के नहीं रहेगा, सभी के घर प्रकाश से जगमगाएंगे. विद्युतीकरण से किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली मिलेगी, जिससे फसलें लहलहाएंगी और किसान भी खुशहाल होंगे. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार हर व्यक्ति के घर और जीवन में प्रकाश लाने के लिए कार्य कर रही है. जनजातीय कार्य और महिलाएवं बाल विकास विभाग की योजनाओं को वर्ष 2030-31 की निरंतरता को मंजूरी प्रदान कर 7,133 करोड़ 17 लाख स्वीकृत किए हैं.

### एक नजर में

**पूर्व पार्षद ने मौत से पहले बयां किया दर्द, मानसिक प्रताड़ना को नहीं झेल पा रहा हूं**

# सूदखोर सकरगाये की चौखट पर जीतू चौधरी ने पिया जहर

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** शहर में ब्याज का धंधा अब मौत का व्यापार बन चुका है। साहूकारी के इस खूनी खेल ने एक और प्रतिष्ठित की जान ले ली। इस बार शिकार कोई आम आदमी नहीं, बल्कि पूर्व पार्षद और कांग्रेस नेता जितेंद्र (जीतू) चौधरी बने हैं। हद तो तब हो गई जब कर्ज और प्रताड़ना से तंग आकर जीतू ने अपने ही साथी और कांग्रेस नेता गणेश सकरगाये के घर पहुंचकर जहर गटक लिया।

**आरोपी की चौखट पर खत्म हुई जिंदगी :** सूत्रों के मुताबिक, जीतू चौधरी और गणेश सकरगाये के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि ब्याज और मूल रकम की वसूली के लिए सकरगाये द्वारा बनाया जा रहा दबाव इतना असहनीय हो गया था कि जीतू ने यह आत्मघाती कदम उठाया।

घटना वाले दिन जीतू, गणेश सकरगाये के घर



पहुंचे थे। वहां क्या बातचीत हुई, यह जांच का विषय है, लेकिन वहीं उन्होंने जहर खा लिया। आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी सांसें थम गईं।

**मरते वक्त खोली पोलः**गणेश ने जीना हराम कर दिया था- जिला अस्पताल में मौत से जूझते हुए जीतू चौधरी ने जो बयान दिया, उसने शहर की राजनीति में भूचाल ला दिया है। अपने मृत्यु पूर्व बयान में उन्होंने

### खंडवा की धरती और सूदखोरी का खूनी इतिहास

जीतू चौधरी की मौत खंडवा के लिए नई नहीं है। यह शहर सूदखोरों की कब्रगाह बनता जा रहा है। शहर के आनंद नगर, सिंधी कॉलोनी, छिपा कॉलोनी, माताचौक , रामनगर और रामेश्वर रोड के कई लोग भी इसी ब्याज के चक्रव्यूह में फंसकर अपनी जान गंवा चुके हैं। हर मौत के बाद पुलिस फाइलें खोलती है, अभियान चलते हैं, लेकिन शहर के सफेदपोश सूदखोर फिर से अपना जाल फैला लेते हैं।

- **आखिरी कॉलः** पुलिस अब जीतू चौधरी के मोबाइल की कॉल डिटेल्स खंगाल रही है ताकि मौत से ठीक पहले उन पर बनाए गए दबाव के सबूत मिल सकें।
- **धारा 306 का फंदाः** कानूनी जानकारों के मुताबिक, मृत्यु पूर्व बयान के आधार पर पुलिस गणेश सकरगाये पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर सकती है।

### जंगली जानवर ने हिरण का किया शिकार

**शाजापुर, 10 फरवरी.** जिले में जंगली जानवर की दहशत बनी हुई है और जंगल में मिल रहे हिरणों के शव ग्रामीणों की चिंता बढ़ा रहे हैं. मंगलवार को भी एक हिरण का शव सारंगपुर-सलसलाई रोड पर पड़ा मिला. हालांकि शिकार करते हुए जंगली जानवर को एक महिला ने जरूर देखा लेकिन वह भी जानवर की पहचान नहीं कर पाई, जिससे यह तो तय है कि जंगली जानवरों की यहां हलचल है, लेकिन जानवर कौन सा है इसकी जांच वन विभाग की टीम कर रही है. अकोदिया स्थित सलसलाई-सारंगपुर रोड पर एक पेट्रोल पंप के पास मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे एक जंगली जानवर ने मादा हिरण का शिकार किया.